कोड नं.
Code No. **58/3/1**

रोल नं.
Roll No. | | | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

| नोट | NOTE |
|---|---|
| (I) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **15** हैं । | (I) Please check that this question paper contains **15** printed pages. |
| (II) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें । | (II) Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate. |
| (III) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं । | (III) Please check that this question paper contains **34** questions. |
| (IV) कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें । | (IV) Please write down the Serial Number of the question in the answer-book before attempting it. |
| (V) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे । | (V) 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period. |

# अर्थशास्त्र (सैद्धान्तिक)

# ECONOMICS (Theory)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* — *अधिकतम अंक : 80*

*Time allowed : 3 hours* — *Maximum Marks : 80*

***सामान्य निर्देश :***

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से पालन कीजिए :*

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में **दो** खण्ड हैं — क और ख । सभी प्रश्न **अनिवार्य** हैं ।*

*(ii)* *प्रश्न संख्या **1** से **10** और **18** से **27** अति लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है । इनका उत्तर **एक शब्द** या **एक वाक्य** में दीजिए ।*

*(iii)* *प्रश्न संख्या **11** और **12** और **28** और **29** लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न **3** अंकों का है । इनका उत्तर लगभग **60** से **80** शब्दों में दीजिए ।*

*(iv)* *प्रश्न संख्या **13** से **15** और **30** से **32** भी लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न **4** अंकों का है । इनका उत्तर लगभग **80** से **100** शब्दों में दीजिए ।*

*(v)* *प्रश्न संख्या **16** और **17** और **33** और **34** दीर्घ-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न **6** अंकों का है । इनका उत्तर लगभग **100** से **150** शब्दों में दीजिए ।*

*(vi)* *उत्तर संक्षिप्त तथा बिंदुवार होने चाहिए और साथ ही उपर्युक्त शब्द सीमा का यथासंभव पालन कीजिए ।*

*(vii)* *प्रश्न-पत्र में कोई समग्र विकल्प नहीं है । तथापि, एक-एक अंक वाले **दो** प्रश्नों में, तीन-तीन अंकों वाले **दो** प्रश्नों में, चार-चार अंकों वाले **दो** प्रश्नों में और छः-छः अंकों वाले **दो** प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं । ऐसे प्रश्नों में केवल एक ही विकल्प का उत्तर दीजिए ।*

*(viii)* *इसके अतिरिक्त, आवश्यकतानुसार, प्रत्येक खण्ड और प्रश्न के साथ यथोचित निर्देश दिए गए हैं ।*

## खण्ड क
## (समष्टि अर्थशास्त्र)

**1.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक ग़ैर-कर राजस्व प्राप्ति ***नहीं*** है ?

(सही विकल्प का चयन कीजिए) *1*

(A) वस्तु और सेवा कर

(B) बाहरी अनुदान

(C) लाभांश व लाभ

(D) विनिवेश

**2.** किसी अर्थव्यवस्था में अवस्फीति अंतराल माँग में ________ (अधिकता/अल्पता) दर्शाता है । (सही उत्तर द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए) *1*

**3.** उल्लेख कीजिए कि, निम्नलिखित कथन सत्य है या असत्य : *1*

"सरकारी बजट एक वार्षिक विवरण है जो पिछले वित्तीय वर्ष के लिए सरकार की वास्तविक प्राप्तियों तथा वास्तविक भुगतानों को दर्शाता है ।"

***General Instructions :***

*Read the following instructions very carefully and strictly follow them :*

*(i)* *This question paper comprises two sections – A and B. All questions are **compulsory**.*

*(ii)* *Question numbers **1 – 10** and **18 – 27** are very short-answer questions carrying **1** mark each. They are required to be answered in **one word** or **one sentence** each.*

*(iii)* *Question numbers **11 – 12** and **28 – 29** are short-answer questions carrying **3** marks each. Answers to them should not normally exceed **60 – 80** words each.*

*(iv)* *Question numbers **13 – 15** and **30 – 32** are also short-answer questions carrying **4** marks each. Answers to them should not normally exceed **80 – 100** words each.*

*(v)* *Question numbers **16 – 17** and **33 – 34** are long answer questions carrying **6** marks each. Answers to them should not normally exceed **100 – 150** words each.*

*(vi)* *Answers should be brief and to the point. Also the above word limit be adhered to as far as possible.*

*(vii)* *There is no overall choice. However, an internal choice has been provided in **2** questions of one mark, **2** questions of three marks, **2** questions of four marks and **2** questions of six marks. Only one of the choices in such questions have to be attempted.*

*(viii)* *In addition to this, separate instructions are given with each section and question, wherever necessary.*

## SECTION A
## (Macro Economics)

**1.** Which of the following is ***not*** a non-tax revenue receipt ?

(Choose the correct alternative) *1*

(A) Goods and Services tax

(B) External grants

(C) Dividends and profits

(D) Disinvestment

**2.** Deflationary gap indicates _________ (excess/deficient) demand in an economy. (Fill in the blank with correct answer) *1*

**3.** State, whether the following statement is true or false : *1*

"Government budget is an annual statement showing actual receipts and actual payments of the government for the last fiscal year."

**4.** मुद्रा आपूर्ति के घटकों के नाम लिखिए । *1*

**5.** यदि किसी अर्थव्यवस्था की घरेलू मुद्रा विनिमय दर में वृद्धि होती है, तो उस अर्थव्यवस्था के निर्यात के मूल्य में _________ होने की संभावना है ।

(सही उत्तर द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए) *1*

**6.** अनैच्छिक बेरोज़गारी का अर्थ लिखिए । *1*

**अथवा**

औसत बचत प्रवृत्ति (APS) _________ तथा _________ का अनुपात होता है ।

(सही उत्तर द्वारा रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए) *1*

**7.** उल्लेख कीजिए कि, निम्नलिखित कथन सत्य है या असत्य : *1*

"भुगतान संतुलन (BOP) में आधिकारिक आरक्षित लेनदेनों को समंजन मदों के रूप में लिया जाता है ।"

**8.** वैधानिक तरलता अनुपात के अंतर्गत वाणिज्यिक बैंकों को तरल परिसम्पत्तियों के रूप में _________ का एक अंश रखना आवश्यक होता है ।

(सही विकल्प का चयन कीजिए) *1*

(A) कुल जमा

(B) आवधिक जमा

(C) कुल माँग व आवधिक जमा

(D) चालू जमा

**9.** 'विदेशी विनिमय दर' को परिभाषित कीजिए । *1*

**10.** प्राथमिक घाटा शून्य हो सकता है, यदि _________ ।

(सही विकल्प द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए) *1*

(A) राजकोषीय घाटा = ब्याज भुगतान

(B) राजकोषीय घाटा < ब्याज भुगतान

(C) राजकोषीय घाटा > ब्याज भुगतान

(D) राजस्व घाटा < राजकोषीय घाटा

**11.** 'चालू खाता घाटे' तथा 'व्यापार घाटे' में अंतर स्पष्ट कीजिए । *3*

**अथवा**

"लेखांकन अर्थ में, भुगतान संतुलन (BOP) सदैव संतुलित रहता है ।" मान्य तर्कों द्वारा दिए गए कथन का समर्थन अथवा खंडन कीजिए । *3*

**4.** Name the components of money supply. *1*

**5.** If the exchange rate of the home currency rises, the value of exports of the economy is likely to ________ .

(Fill in the blank with correct answer) *1*

**6.** State the meaning of Involuntary Unemployment. *1*

**OR**

Average Propensity to Save (APS) is the ratio of ________ and ________ .

(Fill in the blanks with correct answer) *1*

**7.** State, whether the following statement is true or false : *1*

"The official reserve transactions are taken as the accommodating item in Balance of Payment (BOP)."

**8.** Under Statutory Liquidity Ratio, commercial banks are required to keep a fraction of _________ in the form of liquid assets.

(Choose the correct alternative) *1*

(A) Total deposits
(B) Term deposits
(C) Total demand and term deposits
(D) Current deposits

**9.** Define 'Foreign Exchange Rate'. *1*

**10.** Primary deficit can be zero if _________ .

(Fill in the blank with correct alternative) *1*

(A) Fiscal deficit = Interest payments
(B) Fiscal deficit < Interest payments
(C) Fiscal deficit > Interest payments
(D) Revenue deficit < Fiscal deficit

**11.** Distinguish between a 'Current account deficit' and a 'Trade deficit'. *3*


**OR**

"Balance of Payment (BOP) is always balanced in the accounting sense." Defend or refute the given statement with valid reasons. *3*

**12.** निम्नलिखित आँकड़ों से (a) राजस्व घाटे व (b) राजकोषीय घाटे की गणना कीजिए : *3*

| | विवरण | राशि (₹ करोड़ में) |
|---|---|---|
| (i) | कर राजस्व | 1,000 |
| (ii) | राजस्व व्यय | 3,821 |
| (iii) | ग़ैर-कर राजस्व | 2,000 |
| (iv) | ऋणों की वसूली | 135 |
| (v) | पूँजीगत व्यय | 574 |
| (vi) | विनिवेश | 100 |
| (vii) | ब्याज भुगतान | 1,013 |

**13.** दिए गए चित्र में, 'KT' अंतराल क्या प्रदर्शित करता है ? इस परिस्थिति के समाधान के लिए किन्हीं दो राजकोषीय उपायों का उल्लेख व चर्चा कीजिए । *4*




***दृष्टिबाधित छात्रों के लिए :***


अवस्फीति अंतराल का क्या अर्थ है ? अवस्फीति अंतराल की परिस्थिति के समाधान के लिए किन्हीं दो राजकोषीय उपायों का उल्लेख व चर्चा कीजिए । *4*

**14.** "भारतीय रिज़र्व बैंक ने अर्थव्यवस्था में गिरती हुई माँग को बढ़ावा देने के लिए हाल ही में रेपो दर में कमी की है ।" केन्द्रीय बैंक द्वारा उठाए गए कदमों के औचित्य को विस्तार से समझाइए । *4*

**12.** From the following data, calculate (a) Revenue deficit and (b) Fiscal deficit : *3*

| | Particulars | Amount (in ₹ crores) |
|---|---|---|
| (i) | Tax Revenue | 1,000 |
| (ii) | Revenue Expenditure | 3,821 |
| (iii) | Non-tax Revenue | 2,000 |
| (iv) | Recovery of Loans | 135 |
| (v) | Capital Expenditure | 574 |
| (vi) | Disinvestment | 100 |
| (vii) | Interest Payments | 1,013 |

**13.** In the given figure, what does the gap 'KT' represent ? State and discuss any two fiscal measures to correct the situation. *4*




***For Visually Impaired Candidates :***

What is meant by deflationary gap ? State and discuss any two fiscal measures to correct the situation of deflationary gap. *4*

**14.** "To boost the falling demand in the economy, the Reserve Bank of India recently reduced Repo rate." Elaborate the rationale behind the steps taken by the Central Bank. *4*

**15.** निम्नलिखित आँकड़ों से बाज़ार कीमत पर सकल मूल्य वृद्धि ($GVA_{MP}$) की गणना कीजिए : *4*

| | विवरण | राशि (₹ लाख में) |
|---|---|---|
| (i) | मूल्यह्रास | 20 |
| (ii) | घरेलू बिक्री | 200 |
| (iii) | स्टॉक में परिवर्तन | (–) 10 |
| (iv) | निर्यात | 10 |
| (v) | एकल उपयोग उत्पादक वस्तुएँ | 120 |
| (vi) | निवल अप्रत्यक्ष कर | 20 |

**अथवा**

किसी वर्ष में एक अर्थव्यवस्था में मौद्रिक सकल राष्ट्रीय उत्पाद (GNP) का मूल्य ₹ 2,500 करोड़ था । उसी वर्ष के दौरान, देश के सकल राष्ट्रीय उत्पाद (GNP) का मूल्य किसी आधार वर्ष की कीमत पर ₹ 3,000 करोड़ था ।

प्रतिशत के रूप में वर्ष के सकल राष्ट्रीय उत्पाद (GNP) अवस्फीतिक के मूल्य की गणना कीजिए । क्या आधार वर्ष और उल्लिखित वर्ष के बीच कीमत स्तर में वृद्धि हुई है ? *4*

**16.** नीचे दिए गए आँकड़ों पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(i) नियोजित निवेश = ₹ 100 करोड़

(ii) $C = 50 + 0{\cdot}5\ Y$

(a) आय के संतुलन स्तर का निर्धारण कीजिए । *3*

(b) राष्ट्रीय आय के संतुलन स्तर पर बचत व उपभोग व्यय की गणना कीजिए । *3*

**17.** राष्ट्रीय आय के आकलन में आने वाली, दोहरी गणना की समस्या को परिभाषित कीजिए । दोहरी गणना की समस्या के निवारण के दो दृष्टिकोणों की चर्चा कीजिए । *6*

**अथवा**

निम्नलिखित को परिभाषित कीजिए : *6*

(a) पूँजीगत वस्तुएँ

(b) सकल घरेलू उत्पाद

(c) प्रवाह चर

(d) संपत्ति तथा उद्यमशीलता से प्राप्त आय

**15.** Calculate Gross Value Added at Market Price ($GVA_{MP}$) from the following data : *4*

| | Particulars | Amount (in ₹ lakhs) |
|---|---|---|
| (i) | Depreciation | 20 |
| (ii) | Domestic Sales | 200 |
| (iii) | Change in Stock | (–) 10 |
| (iv) | Exports | 10 |
| (v) | Single Use Producer Goods | 120 |
| (vi) | Net Indirect Taxes | 20 |

**OR**

The value of the Nominal Gross National Product (GNP) of an economy was ₹ 2,500 crores in a particular year. The value of GNP of that country during the same year, evaluated at the price of base year was ₹ 3,000 crores.

Calculate the value of GNP deflator of the year in percentage terms. Has the price level risen between the base year and the year under consideration ? *4*

**16.** Answer the following questions based on the data given below :

(i) Planned investment = ₹ 100 crore

(ii) $C = 50 + 0{\cdot}5\ Y$

(a) Determine the equilibrium level of income. *3*

(b) Calculate the saving and consumption expenditure at equilibrium level of National Income. *3*

**17.** Define the problem of double counting in the estimation of National Income. Discuss two approaches to correct the problem of double counting. *6*

**OR**

Define the following : *6*

(a) Capital Goods

(b) Gross Domestic Product

(c) Flow Variables

(d) Income from property and entrepreneurship

**खण्ड ख**

**(भारतीय अर्थव्यवस्था का विकास)**

**18.** वस्तु और सेवा कर (GST) के लागू होने के पश्चात् हटाए गए करों में से एक ________ कर है । (सही उत्तर द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए) *1*

**19.** 8 नवंबर, 2016 को पुरानी महात्मा गाँधी श्रेणी के ________ और ________ करेंसी नोटों को कानूनी रूप में अवैध घोषित कर दिया गया था ।

(सही विकल्प का चयन कीजिए) *1*

(A) ₹ 50 और ₹ 100

(B) ₹ 500 और ₹ 1000

(C) ₹ 500 और ₹ 2000

(D) ₹ 500 और ₹ 200

**20.** किसी व्यक्ति के लिए अधिकतम भूमि-धारण (अधिपत्य) की सीमा का निर्धारण ________ कहलाता है । (सही उत्तर द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए) *1*

**21.** केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB) ने ________ श्रेणियों के बड़े तथा मध्यम उद्योगों की पहचान प्रदूषित करने वाले उद्योगों के रूप में की है । (सही विकल्प का चयन कीजिए) *1*

(A) 15

(B) 17

(C) 19

(D) 13

**22.** "गूगल ने भारत में 4000 स्नातक विद्यार्थियों को नौकरी पर रखा है ।"

दिया गया कथन औपचारिक क्षेत्रक/अनौपचारिक क्षेत्रक रोज़गार से संबंध रखता है ।

(सही प्रकार के रोज़गार का चयन कीजिए) *1*

**23.** स्वतंत्र भारत में पहला औद्योगिक नीति प्रस्ताव वर्ष ________ में लागू किया गया था ।

(सही विकल्प का चयन कीजिए) *1*

(A) 1948

(B) 1950

(C) 1954

(D) 1956

**24.** 'सहकारी विपणन' का अर्थ लिखिए । *1*

## SECTION B
## (Indian Economic Development)

**18.** __________ is one of the taxes eliminated after implementation of Goods and Services Tax (GST).

(Fill in the blank with correct answer) *1*

**19.** _________ and _________ currency notes of old Mahatma Gandhi series were banned as legal tender money on $8^{th}$ November, 2016.

(Choose the correct alternative) *1*

(A) ₹ 50 and ₹ 100

(B) ₹ 500 and ₹ 1000

(C) ₹ 500 and ₹ 2000

(D) ₹ 500 and ₹ 200

**20.** Fixing of maximum land holding (ownership) for an individual is known as ___________ .

(Fill in the blank with correct answer) *1*

**21.** Central Pollution Control Board (CPCB) has identified ___________ categories of large and medium industries as polluting industries.

(Choose the correct alternative) *1*

(A) 15

(B) 17

(C) 19

(D) 13

**22.** "Google in India has hired 4000 graduate students."

The given statement deals with formal sector/informal sector employment.

(Pick the correct type of employment). *1*

**23.** The first Industrial Policy Resolution in Independent India was introduced in the year ___________ .

(Choose the correct alternative) *1*

(A) 1948

(B) 1950

(C) 1954

(D) 1956

**24.** State the meaning of Cooperative Marketing. *1*

**25.** 'मानव पूँजी निर्माण' को परिभाषित कीजिए । *1*

**अथवा**

*कॉलम II* में दिए गए संबंधित वर्षों के साथ मिलान करके *कॉलम I* में दिए गए विकल्पों के सही अनुक्रम की पहचान कीजिए : *1*

| *कॉलम I* | | *कॉलम II* | |
|---|---|---|---|
| a. | जन धन योजना | (i) | 2005 |
| b. | प्रभावी उपभोग माँग और न्यूनतम आवश्यकता अनुमानन कार्य बल | (ii) | 1962 |
| c. | महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार गारंटी अधिनियम | (iii) | 1979 |
| d. | निर्धनता के लिए योजना आयोग द्वारा गठित अध्ययन दल | (iv) | 2014 |

निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

(A) a-(iv), b-(i), c-(ii), d-(iii)

(B) a-(iv), b-(ii), c-(i), d-(iii)

(C) a-(iv), b-(iii), c-(i), d-(ii)

(D) a-(iv), b-(ii), c-(iii), d-(i)

**26.** 'कम्यून' का अर्थ लिखिए । *1*

**27.** कालानुक्रमिक क्रम में निम्नलिखित घटनाओं को व्यवस्थित कीजिए तथा सही विकल्प का चयन कीजिए : *1*

(i) चीनी जनवादी गणराज्य की स्थापना

(ii) पाकिस्तान का निर्माण

(iii) भारत की प्रथम पंचवर्षीय योजना

(iv) चीन की प्रथम पंचवर्षीय योजना

***विकल्प :***

(A) (i), (iv), (ii), (iii)

(B) (iii), (ii), (i), (iv)

(C) (ii), (i), (iii), (iv)

(D) (iv), (iii), (ii), (i)

**28.** "अनौपचारिक क्षेत्र के बजाय औपचारिक क्षेत्र में रोज़गार का सृजन करना आवश्यक है ।" मान्य तर्कों द्वारा दिए गए कथन का समर्थन या खंडन कीजिए । *3*

**अथवा**

भारतीय विद्युत् क्षेत्रक की किन्हीं दो चुनौतियों का उल्लेख व चर्चा कीजिए । *3*

**25.** Define 'Human Capital Formation'. *1*

**OR**

Identify the correct sequence of alternatives given in *Column II* by matching them with their respective years in *Column I* : *1*

| | *Column I* | | *Column II* |
|---|---|---|---|
| a. | Jan Dhan Yojana | (i) | 2005 |
| b. | Task Force on projections of the Minimum Needs and Effective Consumption Demand | (ii) | 1962 |
| c. | Mahatma Gandhi National Rural Employment Guarantee Act | (iii) | 1979 |
| d. | Study Group formed by the Planning Commission for Poverty | (iv) | 2014 |

Choose the correct alternative from following :

(A) a-(iv), b-(i), c-(ii), d-(iii)

(B) a-(iv), b-(ii), c-(i), d-(iii)

(C) a-(iv), b-(iii), c-(i), d-(ii)

(D) a-(iv), b-(ii), c-(iii), d-(i)

**26.** State the meaning of 'Commune'. *1*

**27.** Arrange the following events in chronological order and choose the correct alternative : *1*

(i) Establishment of People's Republic of China

(ii) Creation of Pakistan

(iii) First Five-Year Plan of India

(iv) First Five-Year Plan of China

***Alternatives :***

(A) (i), (iv), (ii), (iii)

(B) (iii), (ii), (i), (iv)

(C) (ii), (i), (iii), (iv)

(D) (iv), (iii), (ii), (i)

**28.** "It is necessary to create employment in the formal sector rather than in the informal sector." Defend or refute the given statement with valid arguments. *3*

**OR**

State and discuss any two challenges in the Power sector of India. *3*

29. “आर्थिक संवृद्धि में तीव्र वृद्धि अवश्य ही पूर्णतः निर्धन वर्ग के व्यक्तियों तक धीरे-धीरे पहुँच जाती है ।” दिए गए कथन का मान्य तर्कों सहित समर्थन अथवा खंडन कीजिए । *3*

30. “कृषि क्षेत्र आर्थिक सुधार प्रक्रिया से प्रतिकूल रूप से प्रभावित हुआ है ।” दिए गए कथन का वर्णन कीजिए । *4*

**अथवा**

भारत को प्रायः विश्व का ‘बाह्यप्रापण गंतव्य’ कहा जाता है । भारत को दिए गए इस नाम के मुख्य कारणों की चर्चा कीजिए । *4*

31. “भारत, चीन व पाकिस्तान ने विभिन्न परिणामों के साथ, सात दशकों से अधिक की विकास पथ की यात्रा की है ।” मान्य तर्कों के साथ दिए गए कथन को समझाइए । *4*

32. भारतीय अर्थव्यवस्था के योजना उद्देश्य के रूप में ‘आत्म-निर्भरता’ के चयन के औचित्य की संक्षेप में चर्चा कीजिए । *4*

33. (a) ‘ग़रीबी रेखा’ का अर्थ लिखिए ।

(b) निम्नलिखित को परिभाषित कीजिए :

(i) पर्यावरण की धारण क्षमता

(ii) पर्यावरण की अवशोषी क्षमता *2+4*

34. (a) “ग्रामीण भारत के लिए उज्ज्वला योजना प्रमुख परिवर्तक रही है ।” ऐसे किन्हीं तीन पारंपरिक ईंधनों का उल्लेख कीजिए, जिनके प्रयोग को कम करने की दिशा में एल.पी.जी. सिलेंडर वितरण योजना (उज्ज्वला योजना) कार्य कर रही है ।

(b) “स्वयं को ठीक करने के लिए भारतीय स्वास्थ्य प्रणाली को सार्वजनिक व्यय की एक शक्तिशाली खुराक की आवश्यकता है ।” मान्य तर्कों द्वारा दिए गए कथन का औचित्य सिद्ध कीजिए । *3+3*

**अथवा**

(a) नियमित वेतनभोगी कर्मचारियों में महिलाएँ कम क्यों हैं ? *3*

(b) भारत में कार्यबल के क्षेत्रीय वितरण में हाल की प्रवृत्तियों का विश्लेषण कीजिए : *3*

**रोज़गार पद्धति की प्रवृत्तियाँ (क्षेत्रक), 1993 – 2012 (प्रतिशत में)**

| *क्षेत्रक* | *1993 – 94* | *1999 – 2000* | *2011 – 12* |
|---|---|---|---|
| प्राथमिक | 64 | 60·4 | 48·9 |
| द्वितीयक | 16 | 15·8 | 24·3 |
| सेवा | 20 | 23·8 | 26·8 |

**29.** "Rapid increase in economic growth surely trickles down to the people under the absolutely poor category." Defend or refute the given statement with valid arguments. *3*

**30.** "Agriculture sector appears to be adversely affected by the economic reform process." Explain the given statement. *4*

**OR**

India is often called the 'Outsourcing Destination' of the world. Discuss the prime reasons for this name given to India. *4*

**31.** "India, China and Pakistan have travelled more than seven decades of developmental path with varied results." Explain the given statement with valid arguments. *4*

**32.** Discuss briefly the rationale behind choosing 'Self-reliance' as a planning objective for the Indian economy. *4*

**33.** (a) State the meaning of 'Poverty Line'.

(b) Define the following :

(i) Carrying capacity of environment

(ii) Absorptive capacity of environment *2+4*

**34.** (a) "Ujjwala Yojana has been a game changer for rural India." State any three conventional fuels being targeted under the LPG cylinder distribution scheme (Ujjwala Yojana).

(b) "The Indian Health System needs a stronger dose of public expenditure to cure itself." Justify the given statement with valid arguments. *3+3*

**OR**

(a) Why are less women found in regular salaried employment ? *3*

(b) Analyse the recent trends in sectoral distribution of workforce in India : *3*

**Trends in Employment Pattern (Sectorwise), 1993 – 2012 (in %)**

| *Sector* | *1993 – 94* | *1999 – 2000* | *2011 – 12* |
|---|---|---|---|
| Primary | 64 | 60·4 | 48·9 |
| Secondary | 16 | 15·8 | 24·3 |
| Services | 20 | 23·8 | 26·8 |